# राजस्थान सरकार
# ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
# (पंचायती राज)

क्रमांकः–एफ28(8)पराविं/प्रशा–2/ग्राविअ/रिक्त पद/श्रेणी.सू/पार्ट/2020–03322/          जयपुर,दिनांकः–

## : : आदेश : :

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा जयपुर द्वारा उनके राजकाज पत्रांक 18587799 दिनांक 31.10.2025 के क्रम में ग्राम विकास अधिकारी भर्ती– 2021 में उत्कृष्ट खिलाडी श्रेणी में अतिरिक्त के अभ्यर्थियों की दस्तावेज सत्यापन हेतु सूची विभाग को प्रेषित की है। उक्त कुल 152 उत्कृष्ट खिलाडी श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Scrutiny Form) भरवाये जाने तथा पात्रता की जाँच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए सूचीबद्व किया जाता है। उक्त सूची पूर्णतया अस्थाई अनन्तिम (Purely Provisional) है। पात्रता की जाँच एवं दस्तावेज के पश्चात् पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से रिक्त पदों के अनुसार राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा वरीयता के आधार पर श्रेणीवार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

सूचीबद्व अभ्यर्थियों के ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Scrutiny Form) भरने हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा दिनांक 07.12.2025 से 12.12.2025 तक लिंक खोला जावेगा। ग्राम विकास अधिकारी भर्ती–2021 में उत्कृष्ट खिलाडी श्रेणी के सूचीबद्व अभ्यर्थी http://sso.rajasthan.gov.in पर विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detailed Form Cum Scrutiny) को मय आवश्यक दस्तावेज भरा जाना सुनिश्चित करें।

**सूचीबद्व अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच एवं दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 15.12.2025 से दिनांक 16.12.2025 तक प्रातः 10:30 बजे से इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर** में किया जावेगा। सूचीबद्व अभ्यर्थी पात्रता की जाँच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु उनके रोल नम्बर के आगे अंकित निर्धारित दिनांक एवं समय पर आवश्यक रूप से उपस्थित होवें। दिनांक **15.12.2025 को क्रम संख्या 1 से 70 एवं दिनांक 16.12.2025 को क्रम संख्या 71 से 152 तक एवं निर्धारित कार्यक्रम के दौरान अपरिहार्य कारणों से यदि कोई अभ्यर्थी अनुपस्थित रहता है, तो ऐसे अभ्यर्थी दिनांक 18.12.2025 को प्रातः 10:30 बजे से इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी का चयन निरस्त के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी स्वयं की होगी। तिथिवार दस्तावेज सत्यापन हेतु अनन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के रोल नम्बर अनुसार सूची संलग्न है।**

**पात्रता की जाँच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बिन्दुओं का विशेष रूप से ध्यान देंवें:–**

1. अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detailed Form Cum Scrutiny) मय समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति 02 सेट एवं जमा फीस की प्रति आपने साथ लावें।
2. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, विकलांग, खेल, अनुभव प्रमाण पत्र, सेवारत होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज तथा स्वयं का पहचान पत्र एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक रूप से साथ लावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Brajesh Kumar Chandolia
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.12.05 12:51:21 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19212159

3. अभ्यर्थी अपना ई–आधार डाउनलोड कर जिसमें QR-Code अंकित हो की प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति (संलग्न परिशिष्ठ में निर्धारित क्रमानुसार) संलग्न करें।
5. जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detailed Form Cum Scrutiny) तकनीकी कारणों से नहीं भरा गया है, वे अभ्यर्थी राजस्थान कर्मचारी बोर्ड की वेबसाईट से उक्त फॉर्म डाउनलोड कर प्रिंट लेकर उसमें समुचित प्रविष्टियां कर 100 रूपये पोस्टल ऑर्डर (सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम पर) के साथ कारण सहित दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होंवें।
6. जिन अभ्यार्थियों का नाम पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु NTSP क्षेत्र एवं TSP क्षेत्र के दोनों सूचियों में चयन हुआ है, उन्हें DV के समय NTSP क्षेत्र एवं TSP क्षेत्र में से कोई एक का चयन हेतु विकल्प पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. **विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म में वर्णित दस्तावेज के अतिरिक्त दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत किये जाने वाले विभिन्न शपथ–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का प्रारूप तथा अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश संलग्न है।**
8. दस्तावेज सत्यापन हेतु विभागीय नोडल अधिकारी, दूरभाष नम्बर, Website एवं कार्यालय के पते आदि का विवरण निम्नानुसार है :–

| | |
|---|---|
| नोडल अधिकारी | श्रीमती कृष्णा माहेश्वरी, संयुक्त आयुक्त प.रा.वि. जयपुर मो. 9784734228 |
| सहायक नोडल अधिकारी | श्री अमित कुमार शर्मा, उपनिदेशक प्रशासन(IGPRS)<br>मो. 9269803698 |
| सहायक नोडल अधिकारी | श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़, प्रशासनिक अधिकारी, प.रा.वि., जयपुर मो.. 9414221422 |
| Website | rssb.rajasthan.gov.in<br>rajpanchayat.rajasthan.gov.in |
| कार्यालय पता | पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर। |
| दस्तावेज सत्यापन स्थान | इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर। |

संलग्नः– 1. सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की सूची।
2. विभिन्न शपथ–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का प्रारूप।
3. अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश।
4. परिशिष्ठ

**यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

**(ब्रजेश कुमार चान्दोलिया)**
**अतिरिक्त आयुक्त एवं**
**संयुक्त शासन सचिव(प्रथम)**

Signature Not Verified

Digitally signed by Brajesh Kumar Chandolia
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.12.05 12:51:21 IST
Reason: Approved

**प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।**

1. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्तानुसार सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
2. श्रीमती कृष्णा माहेश्वरी, संयुक्त आयुक्त (नोडल अधिकारी), पंचायती राज विभाग, जयपुर।
3. श्री अमित कुमार शर्मा, उपनिदेशक (प्रशासन) (सहायक नोडल अधिकारी) IGPRS जयपुर
4. श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़, प्रशासनिक अधिकारी (सहायक नोडल अधिकारी), पंचायती राज विभाग, जयपुर।
5. ए.सी.पी. मुख्यालय को आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. रक्षित पत्रावली।

Signature Not Verified

Digitally signed by Brajesh Kumar Chandolia
Designation : Additional Commissioner
Date: 2025.12.05 12:51:21 IST
Reason: Approved